"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 47] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 19 नवम्बर, 2004—कार्तिक 28, शक 1926

भाग 3 (1)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 नवम्बर 2004

क्रमांक 35/अ.वि.अ./वाचक/ट्रस्ट/04.—चूंकि श्री सौदानसिंह आत्मज श्री अनरत सिंह रजबंधा मैदान, एकात्म परिसर, रायपुर (छ. ग.) ने एक्ट 1951 की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. यदि किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना के निकालने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा एजेन्ट के माध्यम से उपस्थित होवे. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई दिनांक 2-12-2004 को होगी.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम और पता	:	''स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति न्यास'' रजबंधा मैदान, एकात्म परिसर रायपुर (छ. ग.).
2.	ट्रस्ट का चल सम्पत्ति	:	लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक रायपुर खाता क्रमांक 6647 — जमा राशि 11000=00 रुपये

रायपुर, दिनांक 19 नवम्बर 2004

क्रमांक 34/अ.वि.अ./वाचक/ट्रस्ट/04.—चूंकि श्री जवाहरलाल दास आ. पुलिन बिहारी दास ने गुरु घासीदास रूरल वेल्फर आरगानाइजेशन ट्रस्ट एकता नगर, जी 24 सेक्टर 8, गुढ़ियारी ने एक्ट 1951 की धारा 4 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. यदि किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना के निकालने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा एजेन्ट के माध्यम से उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई दिनांक 19-11-2004 को होगी.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता व संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम और पता	:	''गुरु घासीदास रूरल वेल्फर आरगानाइजेशन ट्रस्ट एकता नगर गुढ़ियारी, रायपुर (छ. ग.)
2.	चल सम्पत्ति	:	सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया खाता क्रमांक — राशि 2065=00 रुपये
3.	अचल संपत्ति	:	निरंक

के. के. बक्शी,
पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2004.